पाठ-6

परमेश्वर आपको स्वर्ग को ले जाएगा

परमेश्वर के बारे में यह सीखें :

परमेश्वर ने हनोक को बिना मरे (जीवित) ही स्वर्ग पर उठा लिया। स्वर्ग में परमेश्वर के पास आपके लिए अति सुन्दर स्थान (घर) है। परमेश्वर के साथ-साथ चलें। वह आपको स्वर्ग को ले जायेगा।

इसे अपनी बाइबल में से पढ़ें
इसे पांच बार जोर-ज़ोर से पढ़ें:

"हनोक परमेश्वर के साथ-साथ चलता था फिर वह लोप हो गया। क्योंकि परमेश्वर ने उसे उठा लिया।" उत्पत्ति 5:24 मैंने.....स्वर्ग में एक द्वार खुला हुआ देखा और मैंने यह वाणी सुनी....."यहाँ ऊपर आ जा।" प्रकाशित वाक्य 4:1.

क्या आप यह कर सकते हैं ?

1. परमेश्वर *   * परमेश्वर का अति सुन्दर घर है।
2. हनोक *   * परमेश्वर चाहता है कि आप उसके साथ-साथ चलें।
3. स्वर्ग *   * परमेश्वर के साथ चल सकते और स्वर्ग को जा सकते हैं।
4. आप *   * बिना मरे जीवित ही स्वर्ग पर उठा लिया गया।

परन्तु हनोक ने परमेश्वर से प्रेम किया। हनोक ठीक हाबिल की तरह परमेश्वर के पास आया। वह एक मेम्ना लेकर आया जो उसके पापों के लिए मारा जाए। हनोक ने भी बुरे काम किये थे परमेश्वर ने उन्हें क्षमा कर दिया। परमेश्वर ने हनोक के पापों को दूर कर दिया और उसे एक भला (अच्छा) व्यक्ति बना दिया।



हनोक प्रतिदिन प्रार्थना करते हुए परमेश्वर से बातचीत करता था। *परमेश्वर ने जो कुछ हनोक को करने के लिए कहा था उसे करते हुए वह प्रतिदिन परमेश्वर के साथ-साथ चला करता था।* जब वह नित्य परमेश्वर के साथ चलता था तो हनोक निश्चय ही स्वर्ग के मार्ग पर था। परमेश्वर और हनोक एक दूसरे को प्यार करते थे। परमेश्वर ने हनोक को सामर्थ दी कि वह उसके कार्य में उसकी सहायता करे। हनोक ने अपने पड़ौसियों को परमेश्वर के बारे में बताया। परमेश्वर ने हनोक को बताया था कि उसे क्या कहना है। हनोक ने प्रयत्न किया कि दूसरे लोग भी परमेश्वर की संगति में आ जाएँ। उनमें से बहुतों ने उसकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। वे तो कैन के समान भयंकर पापी थे।

वे लोग जो परमेश्वर के साथ चलते हैं, जब वे मर जाते हैं तो स्वर्ग में जाते हैं। परन्तु परमेश्वर ने हनोक को मरे बिना जीवित ही स्वर्ग पर उठा लिया। परमेश्वर हनोक को अपने साथ अपने अति सुन्दर और भव्य घर को ले गया। जहाँ हर एक चीज़ सिद्ध और पवित्र है। और वहाँ हर कोई प्रसन्न है।

उत्तर

परमेश्वर	परमेश्वर का अति सुन्दर घर है।
हनोक	परमेश्वर चाहता है कि आप उसके साथ-साथ चलें।
स्वर्ग	परमेश्वर के साथ चल सकते और स्वर्ग को जा सकते हैं।
आप	बिना मरे जीवित ही स्वर्ग पर उठा लिया गया।

परमेश्वर ने हनोक को बिना मरे (जीवित) ही स्वर्ग पर उठा लिया।

*इस चिन्ह के सभी शब्दों को रेखांकित करें : आदम के बहुत से पुत्र और पुत्रियाँ थीं। और उनके भी बहुत से पुत्र और पुत्रियाँ थीं। बहुत अधिक लोग दुनिया में थे। *परमेश्वर ने सब लोगों से प्रेम किया।* परमेश्वर चाहता था कि वे उसके साथ-साथ चलें और वह भी उनके साथ।

परमेश्वर उनको स्वर्ग में ले जाना चाहता था।

परन्तु बहुत से लोगों ने परमेश्वर से प्रेम नहीं किया। न तो उन्होंने प्रार्थनाएँ कीं और न ही परमेश्वर के साथ-साथ चले ही। वे तो सब कैन के समान थे। उन्होंने अपनी इच्छा के अनुसार अपने रास्ते चुन लिए। उन्होंने वह नहीं किया जो परमेश्वर ने उनसे करने को कहा था वे परमेश्वर के साथ-साथ नहीं चले। *उनके पापो ने उन्हें परमेश्वर से अलग कर दिया।*

स्वर्ग में परमेश्वर के पास आपके लिए एक अति सुन्दर घर है
वहाँ ऐसी कोई चीज़ नहीं जो आपका दिल दुखाए
वहाँ आप सदाकाल तक पूर्ण स्वस्थ और प्रसन्न व आनन्दित रहेंगे।
वहाँ न तो आप बीमार होंगे, न ही आपको भूख लगेगी और न ठण्ड।
स्वर्ग में प्रत्येक को सब कुछ मिलेगा
स्वर्ग में आपके बहुत सारे अच्छे-अच्छे मित्र होंगे
इन सबसे श्रेष्ठ बात कि वहाँ आप परमेश्वर के साथ रहेंगे जो
आपसे प्रेम करता है और आपको वहाँ ले जाना चाहता है।

परमेश्वर के साथ-साथ चलें वह आपको स्वर्ग को ले जाएगा।

आपके पापों को दूर करने के लिए परमेश्वर ने एक उद्धारकर्ता को भेज दिया। *वह उद्धारकर्ता परमेश्वर का पुत्र यीशु है। * आप यीशु को नहीं देख सकते परन्तु यीशु वहाँ है। *परमेश्वर के साथ-साथ चलने हेतु या आपकी सहायता करने के लिए आया। * उससे अपने पापों को क्षमा करने की प्रार्थना करें। यीशु को अपना उद्धारकर्ता ग्रहण कर लें। प्रतिदिन प्रार्थना में परमेश्वर से बातचीत करें। बाइबल में जो कुछ परमेश्वर आपसे करने के लिए कहता है उसे करें। यही है परमेश्वर के साथ-साथ चलने का मार्ग (तरीका)। वह आपको स्वर्ग में ले जाएगा।

इस प्रार्थना को सीख लें :

यीशु, मेरे दिल में आ और मेरा उद्धारकर्ता बन।
कृपा करके मेरे पापों को मुझसे दूर कर, जिससे कि मैं स्वर्ग में जा सकूँ। प्रतिदिन परमेश्वर के साथ-साथ चलने में मेरी सहायता करें।